Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding better road connectivity in Solapur Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid.

डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापुर शहर के हैदराबाद रोड परिसर में कृषि उपज मंडी है । इस मंडी मे महाराष्ट्र के अलावा कर्नाटक बीजापुर, गुलबर्गा हैदराबाद इन शहरो से अनाज के लगबग पांच हजार ट्रक सोलापुर मार्केट में खरीद-बिक्री के लिए प्रति दिन आते हैं । परंतु सोलापुर शहर मे फ्लाई-ओवर न होने के कारण इन ट्रकों को केवल दोपहर 12 से 2 और रात्रि को 9 से 11 के बीच आवागमन करने की अनुमति है । जिसके कारण यह ट्रक निर्धारित समय को छोड़कर शहर के चारो ओर महामार्ग पर खडे रहते है । ट्रकों को शहर से आवागमन करने के लिए 8 से 9 घंटे रूकना पडता है । इस कारण सोलपुर कृषि उपज मंडी मे अनाज की खरीद-बिक्री पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है । जिसके कारण सोलापुर के व्यापार में मंदी आ रही है । मैं माननीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि सोलापुर शहर के (1) ओल्ड पुणे नाका से पत्रकार भवन और (2) कृषि उपज मंडी से बीजापुर रोड बाइपास तक डायवर्जन बनाकर सोलापुर के व्यापार में वृद्धि और शहर मे यातायात सुचारू रूप से होने के लिए सहायता करे।